वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया स्मृति दिवस : मनोरमा दीदी

रतलाम। विश्व का स्थिर चित्त महिला का खिताब प्राप्त करने वाली परम आदरणीय दादी जानकी जी सच्चाई, सफाई एवं सरलता की प्रतिमूर्ति थी। दादी जी 46,000 समर्पित ब्रह्माकुमारी बहनों की प्रेरणा स्रोत रही। 104 वर्षीय परम आदरणीय दादी जानकी जी ने संपूर्ण विश्व एवं समाज के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उक्त उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी के 5वें पुण्य स्मृति दिवस पर गौरव पैलेस कॉलोनी, जावरा रोड स्थित, भाग्योदय भवन के सभागार में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मनोरमा दीदी ने व्यक्त किए। बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, मुखर्जी मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष भ्राता महेंद्र शर्मा जी ने कहा कि हमारी अनादि संस्कृति को दादी जी ने संपूर्ण विश्व में फैलाया उन्हें शत शत नमन । भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी भ्राता राकेश पांचाल जी ने कहा कि यहां के आध्यात्मिक संदेश का विचार सदा ही मेरे मन में घूमता रहता है। दादी जी के विचारों को हम जीवन में धारण कर कर्तव्य पथ पर अग्रसर होते रहे यही उन्हें सच्ची-सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रातः 8 से 9 क्लास के पश्चात सह संचालिका आरती बहन ने परमपिता परमात्मा को एवं आदरणीय दादी जानकी जी को भोग स्वीकार कराया गया। इसके पश्चात भाई बहनों ने पुष्पांजलि भावांजलि अर्पित की गई। सभा में उपस्थित रहे सर्वश्री भ्राता राजेश मोडीया, ललित केसवानी, राजेंद्र राव, कृष्ण कुमार चौहान, महेंद्र चौरसिया, सरोज मोडीया, मानसी केसवानी, रत्ना राव, साधना चौहान, पूनम लिंबोदिया, यजस्वी मोडीया, रिद्धिका केसवानी, नीता वर्मा इत्यादि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

एसपी के निर्देश पर शहर में चैकिंग अभियान, स्टेशन रोड़ पुलिस ने धारदार हथियार लेकर घूमते दो बदमाशों को पकड़ा

रतलाम। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर शहर में पुलिस का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बीती रात स्टेशन रोड थाना पुलिस ने दो बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। एसपी अमित कुमार द्वारा शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं शहर में चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु एएसपी राकेश खाखा एवं सीएसपी सतेन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में शहर के सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी गश्त, पेट्रोलिंग करने एवं अवैध गतिविधियों एवं आदतन बदमाशों पर नजर रखते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कड़ी वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। इसी तारतम्य में रतलाम शहर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चैकिंग के दौरान् थाना स्टेशन रोड़ पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए 02 बदमाशों को अवैध रुप से धारदार हथियार लेकर घूमते पकड़ा। जिन पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। सूरजपोर पर वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी मतीन पिता कयूम खान उम्र 21 वर्ष को कमर में एक धारदार हथियार खोसे हुए पकड़ा जिससे उक्त धारदार हथियार आर्म्स एक्ट के अंतर्गत जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया। इसी क्षेत्र से अभी पिता राजेश सालवी उम्र 21 साल को एक धारदार हथियार स्प्रिंगदार चाकू के साथ पकड़ा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशन रोड़ निरी. स्वराज डाबी, एसआई रूप सिंह शक्तावत, प्र आर मनोज पांडे, प्र आर मुकेश ओसारी, आर स्नेहपाल सिसोदिया की सराहनीय भूमिका रही।

जयपुर स्टेशन पर विकास कार्य के कारण ट्रेने प्रभावित

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेने उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के जयपुर स्टेशन पर किये जा रहे विकास कार्यों के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त, अस्थाई रूप से विस्तार एवं मार्ग परिवर्तन किया गया था। इनकी समयावधि में पुनः विस्तार किया गया है। आंशिक रूप से निरस्त, अस्थाई रूप से विस्तार एवं मार्ग परिवर्तित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है:- आंशिक रूप से निरस्त ट्रेने :- 1. ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर एक्सप्रेस, सांगानेर से जयपुर के मध्य 05 मई, 2025 तक निरस्त रहेगी । 2. ट्रेन संख्या 22934 जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, जयपुर से सांगानेर के मध्य 06 मई, 2025 तक निरस्त रहेगी । दो ट्रेनों का खातीपुरा स्टेशन तक अस्थाई विस्तार :- 1. ट्रेन संख्या 22175 नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस 08 मई, 2025 तक खातीपुरा रेलवे स्टेशन तक जाएगी । 2. ट्रेन संख्या 22176 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस 09 मई, 2025 तक खातीपुरा रेलवे स्टेशन से चलेगी । मार्ग परिवर्तन :- 1. ट्रेन संख्या 09627 अजमेर-सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल, 07 मई, 2025 तक वाया चंदेरिया-नीमच-रतलाम होकर चलेगी। 2. ट्रेन संख्या 09628 सोलापुर- अजमेर साप्ताहिक स्पेशल 07 मई, 2025 तक वाया रतलाम- नीमच-चंदेरिया होकर चलेगी। 3. ट्रेन संख्या 20497 रामेश्वरम - फिरोजपुर एक्सप्रेस, 06 मई, 2025 तक वाया फुलेरा - रिंगस होकर चलेगी । 4. ट्रेन संख्या 20498 फिरोजपुर - रामेश्वरम एक्सप्रेस 10 मई, 2025 तक वाया रिंगस - फुलेरा होकर चलेगी

अपने मुख्यमंत्री की - घोषणा भूले रतलाम महापौर

कांग्रेस नेता पारस सकलेचा ने कहा भाजपा फेंकू पार्टी, जनता के साथ करेंगे आंदोलन

रतलाम।

नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रतलाम में धानमंडी की सभा में कहा था बाजार बैठक वसूली शुल्क नहीं लिया जाएगा। महापौर प्रहलाद पटेल ने भी चुनाव में इस बात की घोषणा भी की थी।

अब 28 माह बाद नगर निगम की भाजपा परिषद बाजार बैठक वसूली शुल्क शुरू करने जा रहा है। वह भी नगर निगम के सम्मेलन के एजेंडे में लाए बगैर। हम इसका विरोध करेंगे। सड़कों पर जनता के साथ उतरेंगे। भाजपा फेंकू पार्टी है। कहती क्या है और करती कुछ है।

यह आरोप कांग्रेस नेता पारस सकलेचा ने गुरुवार को कही। दरअसल 25 मार्च को रतलाम निगम का साधारण सम्मेलन हुआ था। सम्मेलन में भाजपा परिषद द्वारा जनता से संपत्ति कर में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने, एजेंडे में लाए बगैर बाजार बैठक वसूली शुरू करने तथा सीवरेज योजना में अनुबंध विपरीत ठेकेदार को लाभ देने आदि प्रस्तावों का पास किया। प्रस्तावों को जनविरोध बताते हुए शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता विरोधी बताया। 29 मार्च को नगर निगम में बजट पेश किया जाएगा। इस दौरान पुरजोर विरोध करने की बात कांग्रेस नेताओं ने कही है।

जनता पर डाला जा रहा बोझ

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा कि महापौर अपने

प्रदेश के तत्कालीन मुखिया की घोषणा को भूल गए। जबकि महापौर ने अपने चुनावी घोषणा में सड़क पर बैठकर रोजी रोटी चलाने वालों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेने की घोषणा की थी। अब ऐसा क्या हुआ कि शुल्क वसूलने का प्रस्ताव लेकर आए। यह जनता के साथ धोखा है। इसे हम बर्दास्त नहीं करेंगे। संपत्तिकर बढ़ाकर भी जनता पर नियम विपरीत बोझ डाला जा रहा है।

भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा परिषद

कांग्रेस नेता पारस सकलेचा ने रतलाम में हुए सीवरेज निर्माण को घोटाला बताया। उन्होंने कहा हाल में ही विधानसभा में विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सीवरेज को लेकर जानकारी दी है। कार्य पूर्ण होने के पहले ठेकेदार को पूर्णता पत्र दे दिया।

सीवरेज का काम सही नहीं होने के कारण आमजन भी परेशान है। रतलाम की जनता ईमानदारी से टैक्स जमा कर रही है तो 10 प्रतिशत अधिभार बढ़ाने की क्या जरूरत पड़ी है। नगर निगम में राशि किस मद की आ रही है किस मद में दे रहे हैं, यह भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है।

भाजपा परिषद भ्रष्टाचार में डूबी

सकलेचा ने आरोप लगाया कि नगर निगम की भाजपा परिषद भ्रष्टाचार में डूबी है। लगातार घोटाले किए जा रहे है। हम इन सब चीजों को लेकर शीघ्र ही न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे है। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा ने महापौर प्रहलाद पटेल का चुनावी घोषणा पत्र दिखाया। नगर निगम भाजपा परिषद को आड़े हाथों लिया।

इस दौरान कांग्रेस नेत्री यास्मिन शैरानी, कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेंद्रसिंह अठाना, मयंक जाट, राजीव रावत, बसंत पंड्या, पार्षद मोहम्मद सलीम बागवान, नासिर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

पेयजल पाईप लाईन, सीवर व सड़क का कार्य आपसी सामंजस्य से करें - महापौर पटेल

समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

रतलाम।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट के साथ नगर निगम नगर निगम जलप्रदाय, स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर पेयजल पाईप लाईन बिछाने, सीवर तथा सड़क निर्माण आपसी सामंजस्य से करने के निर्देश दिये ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो।

आयोजित बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि पेयजल पाईप लाईन बिछाने के पहले इस प्रकार की कार्ययोजना तैयार की जाये कि नवीन सड़क को किसी प्रकार की क्षति ना पंहुचे इस हेतु जलप्रदाय, स्वास्थ्य विभाग तथा

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी सामंजस्य के साथ करें। उन्होने निर्देशित किया कि जलप्रदाय व लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर व कर्मचारी को मैदानी कार्य के साथ कार्यालय में बैठना भी अनिवार्य है इस हेतु वे कार्यालय मे बैठने का समय निर्धारित करें साथ ही चल रहे विकास कार्यो का अवलोकन नियमित रूप से करे अन्यथा संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि सभी इंजीनियर अपने-अपने क्षेत्र की गारंटी पीरियड की सड़को का सर्वे अनिवार्य रूप से करेंगे यदि सड़क क्षतिग्रस्त हुई है तो संबंधित ठेकेदार से उसकी मरम्मत का कार्य तत्काल करवायेंगे।

आयोजित बैठक में कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, अनवर कुरेशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव राजेन्द्र शर्मा, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, श्रीमती दीक्षा, शिवम् गुप्ता, विनोद पाटीदार, अनुपम मिश्रा, अनमोल निर्मल के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत, वासुदेव बैरागी, प्रवीण तिवारी आदि उपस्थित थे।

सेवा निवृत्ति एक प्रक्रिया है लेकिन सेवा जारी रहेगी : डॉ. अवस्थी

रतलाम। जो प्रशासनिक सेवा में नियुक्त होता है उसे नियम के तहत सेवानिवृत्त होना पड़ता है लेकिन हमारा डॉक्टरी का एक ऐसा कार्य है जो सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहता है मैं आपकी सेवा करता रहूंगा आप ही के बीच रहूंगा उपरोक्त विचार रतलाम रेल मंडल चिकित्सालय से 39 वर्षो की चिकित्सीय रेल सेवा से सेवानिवृत होने पर डॉक्टर अवधेश अनामिका अवस्थी वरिष्ठ चिकित्सा सलाहकार ने सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के स्वागत सम्मान के दौरान व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अविनाश चंद्र ने कहा कि जब मेरी रतलाम में प्रथम नियुक्ति हुई थी तो मैं डॉ.अवधेश अवस्थी के अधीन कार्य कर अपने आप को सौभाग्यशाली समझा क्यों कि रतलाम शहर मेरे लिए नया था और मैं इस उम्मीद में था कि मैं यहां रहूंगा या ना रहूंगा लेकिन यहां रेलकर्मियों के प्यार, पैरामेडिकल स्टाफ के व्यवहार से आज में आपके बीच सेवाएं दे रहा हूं।कार्यक्रम को डॉक्टर दीपक सकलेचा एवंडॉक्टर श्रीमती अनामिका अवस्थी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम जरूर पैरामेडिकल स्टाफ में पति-पत्नी है लेकिन कार्य के दौरान हम मरीज को अच्छी सेवा दें सलाह दें यह हमारा पहला कर्तव्य है। डॉक्टर अनामिका अवस्थी मैं चाहूंगी कि सेवानिवृत्ति के बाद भी चिकित्सीय सेवा जारी रखें।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास, प्रवक्ता बृजपालसिंह,यू एल जायसवाल, आर एस झाला, सुधीरकांत दुबे, महेश चंद्र शर्मा, महेंद्र जायसवाल, भागीरथ सोनी, हेमेंद्र शर्मा मुख्य नर्सिंग अधीक्षक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस असिस्टेंट मैनेजर महेंद्रसिंह राठौड़ आदि ने उपस्थित होकर डॉक्टर अवस्थी का पुष्पहार से स्वागत कर मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

रतलाम में तापमान 40 डिग्री पार : तेज धूप का असर, सड़कों पर आवाजाही कम हुई, आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना

रतलाम। पिछले दो दिन से गर्मी का असर तेज हो गया है। तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। मौसम विभाग ने 30 व 31 मार्च को लू चलने की संभावना जताई है। पिछले दो दिन से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को गर्मी के इस सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर पहुंचा था। इसके अगले दिन तापमान 40.02 पर पहुंच गया। गुरुवार को भी तेज गर्मी का असर रहा। दोपहर 3 बजे के बाद हवाओं के चलने के कारण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। हवाओं के कारण तापमान में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 28 व 29 मार्च को थोड़ी राहत मिलने की संभावना जताई है। मार्च के आखिरी दो दिन प्रदेश में लू का असर रह सकता है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में लू का असर रहने की संभावना है। जिनमें रतलाम, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, धार आदि शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है।

शाला पूर्व शिक्षा एवं देखभाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम

रतलाम। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा परियोजना रतलाम ग्रामीण-2 के अन्तर्गत शाला पूर्व शिक्षा एवं देखभाल (ई.सी.सी.ई.) का प्रशिक्षण बड़बड़ हनुमान मंदिर सभागृह में दिया गया । कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बरबड़ हनुमान मंदिर सभागृह में 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पी.पी.टी. के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। विभाग की परियोजना पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया । पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम में पोषण के हजार

सुनहरे दिन, अति गंभीर कुपोषित, मध्यम गंभीर कुपोषण पर विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। प्रशिक्षण में स्तनपान एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के बारे में समझाया गया, कार्यक्रम में श्रीमती शशिकला मंडरा, रेखा व्यास, गायत्री शर्मा, मंजु वर्मा व विष्णु चौहान, परियोजना अधिकारी प्रेमलता माकल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । पीपीटी दिखाने एवं कार्यकर्ताओं के रजिस्ट्रेशन में आशीष सोनी डीसी रतलाम का विशेष योगदान रहा । प्रशिक्षण के तहत उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के आखिरी दिवस में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रंभा कटारिया द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम गुणवत्तापूर्ण रहा और यह प्रशिक्षण हमें अपने आंगनबाड़ी संचालन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा। श्रीमती स्वाती जोशी ने बताया कि कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा और इस प्रशिक्षण से हम अपने आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को और अधिक सक्षम बनाएंगे और उनमें कौशल क्षमता निर्माण करेंगे इसके साथ ही श्रीमती शोभा परमार सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी प्रशिक्षण के सम्बंध में अपने विचार व्यक्त किए।

जलधारी को उखाड़ कर ले जाने का प्रयास वाले के विरुद्ध सनातन सभा ने दिया ज्ञापन

सैलाना।

नगर से लगभग 5 किलोमीटर दूर अति प्राचीन बड़े केदारेश्वर महादेव मंदिर की जलाधारी को लेकर सर्व सनातन धर्म महासभा सैलाना ने अनुविभागीय अधिकारी मनीष जैन व थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गड़रिया को पुलिस अधीक्षक के नाम अलग-अलग एक ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को ज्ञापन में बताया गया कि अड़वानिया के समीप अति प्राचीन मंदिर केदारेश्वर महादेव मंदिर पर शिवलिंग के आसपास लगी लगभग 40 किलो पीतल से बनी जलधारी को उखाड़ कर ले जाने का प्रयास किया गया था। जलाधारी का पूरी तरह से जमीन से अलग नहीं होने व अधिक वजन होने के कारण अज्ञात बदमाश उसे वहीं पर छोड़ चले गए। इस तरह जलाधारी के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है इससे सनातन धर्म के सभी अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। यह घटना न केवल धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाती है, बल्कि इससे समाज में अस्थिरता और अशांति का वातावरण उत्पन्न होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

याद आए पण्डित मोतीलाल दवे

इस घटना के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए एक

आह्वान नगर परिषद अध्यक्ष श्री चेतन्य शुक्ल का भी आया सनातन धर्मसभा की ओर से माननीय मुख्यमंत्रीजी के नाम ज्ञापन देने का आह्वान हुआ था तो यकायक श्री दवे याद आये श्री दवे वैसे कांग्रेसी विचारधारा के थे पर सनातन धर्म पताका ऊंची रहे इसके लिए सदैव प्रयास रत रहते थे वैसे ही नगर परिषद अध्यक्ष भी कांग्रेस के है पर बड़े केदारेश्वर की जलाधारी के आरोपियों को पकड़ने के लिए जब आह्वान किया तो पण्डित दवे का याद आना स्वाभाविक है वैसे भी शुक्ल उनको अपना राजनैतिक आदर्श मानते है

इस प्रकार की घटनाएं समाज में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे को नुकसान पहुंचाती हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में महादेव मंदिर के प्रति अटूट श्रद्धा है, एवं इस प्रकार के कृत्य से सनातनी हिंदुओं के मन को गहरी ठेस लगी है। इस घटना की तत्काल और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए व मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, और जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि समाज में गलत संदेश न जाये। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और बढ़ाई जाये। इस दौरान सर्व सनातन धर्म महासभा व बजरंग दल के कई लोग उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम ANKIT AGRAWAL था जो कि पुराना नाम है अब मैने मैंरा नाम परिवर्तित कर नया नाम ANKIT KUMAR GUPTA रख लिया है अब से मुझे नये नाम ANNKIT KUMAR GUPTA नाम से जाना एवं पहचाना व पुकारा जावे।

अंकित कुमार गुप्ता पिता अनिल कुमार गुप्ता 19/1 रिटायर्ड कॉलोनी रतलाम (म.प्र.)- 457001